प्रादेशिक समाचार
दिनांक–08.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतगणना में भाजपा को बहुमत, जम्मू–कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की बनेगी सरकार।
2. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रांची में कहा–सुशासन और विकास से हरियाणा में मिली जीत, झारखंड में भी आगे रहेगी पार्टी।
3. भाजपा ने लगाया आरोप–विशेष राजनीतिक दल के लिए कार्य कर रहे हैं राज्य के अधिकारी, झामुमो ने कहा, विकास कार्य बाधित कर रहा विपक्ष।
4. मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में 11 अक्टूबर तक गरज के साथ बारिश की जताई संभावना, गिरिडीह और लातेहार जिले में वज्रपात से तीन की मौत।

****

हरियाणा विधानसभा चुनाव के ताजा रूझानों के अनुसार भाजपा ने अबतक सबसे अधिक 48 सीटें जीत ली हैं। हरियाणा में भाजपा बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 37 सीटों पर जीत दर्ज की है। इधर, जम्मू कश्मीर मे सभी सीटों पर नतीजों का एलान कर दिया गया है। नेषनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन ने सबसे अधिक 48 सीटें जीती हैं, जबकि भाजपा ने 29 सीटों पर विजय प्राप्त की है।

****

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि सुशासन और विकास की बदौलत भाजपा हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाएगी। आज रांची हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में श्री मेघवाल ने कहा कि झारखंड में भी सुशासन और विकास की बदौलत भारतीय जनता पार्टी चुनावों में आगे रहेगी।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने राज्यपाल संतोष गंगवार से भेंट कर विकास विकास योजनाओं पर चर्चा की।

****

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने आरोप लगाया है कि कुछ अधिकारी राज्य सरकार के निर्देश पर विशेष राजनीतिक दल के लिए कार्य कर रहे हैं। श्री बाउरी ने आज रांची में दोहराया कि प्रदेश में उनकी सरकार आएगी तो प्रत्येक महिला को 2100 रुपए के तहत महिला सशक्तिकरण योजना का लाभ दिया जाएगा।

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक कल्पना सोरेन ने कहा है कि केंद्र सरकार झारखंड के बकाए राशि का भुगतान नहीं कर रही है, जिससे विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। श्रीमती सोरेन ने आज लोहरदगा में मइयां सम्मान योजना यात्रा के दौरान आरोप लगाया कि विपक्ष विकास कार्यों में बाधा पैदा कर रहा है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय प्रमाणीकरण में स्वर्ण पदक प्राप्त विद्यालयों के 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा के खूंटपानी, बोकारो के नावाडीह और दुमका के मसलिया में तीन नए विद्यालयों का ऑनलाइन शिलान्यास किया।

****

राजधानी रांची समेत राज्य भर में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है।

इधर, दक्षिणी छोटा नागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा और रांची प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने आज रांची में कई दुर्गापूजा पंडालों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने पूजा पंडाल में विधि व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, यातायात और पंडालों में सुरक्षा मानकों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। आयुक्त

और पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पंडालों में सीसीटीवी लगाने, बिजली और फायर एनओसी लेने, महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था करने और पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैनात रखने के निर्देश दिये हैं।

****

धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा है कि दुर्गा पूजा के अवसर पर किसी भी पंडाल में डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इसका उल्लंघन होने पर डीजे जब्त कर लिया जाएगा और संबंधित पूजा समिति के लाइसेंस को भी रद्द कर दिया जाएगा। इधर, हजारीबाग जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि शांतिपूर्वक दुर्गापूजा संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

****

दुमका जिले के शहरी क्षेत्र और आसपास के मुहल्लों में 32 स्थानों पर देवी दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता –

****

पुरूष क्रिकेट में भारत कल नई दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी–20 मैच में बांग्लादेश के साथ खेलेगा। मैच शाम सात बजे शुरू होगा। तीन मैचों की श्रृंखला में भारत एक–शून्य की बढत बना चुका है। सूर्य कुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया दूसरे टी–20 मैच में बांग्लादेश पर जीत दर्ज करना चाहेगी।

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में 11 अक्टूबर तक गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि 12 अक्टूबर से मौसम साफ रहेगा।

इधर, राजधानी रांची समेत आसपास के हिस्सों में आज दोपहर हुई तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं, गिरिडीह और लातेहार जिले में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गयी।

********समाप्त********